# हटिया विस्थापितों ने रोजगार की मांग को लेकर आइआइएम संस्थान के गेट के समक्ष दिया धरना

- प्रबंधन ने मांगों पर समाधान नहीं निकाला तो आइआइएम के मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन धरना की दी चेतावनी




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हटिया विस्थापित परिवार समिति के बैनर तले ग्रामीणों ने झारखंड विधानसभा के समीप स्थित आईआईएम संस्थान (मुड़मा) के मुख्य द्वार पर धरना दिया। रोजगार सहित 6 सूत्री मांगों को लेकर हटिया विस्थापित परिवार समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव की अध्यक्षता में धरना-प्रदर्शन किया गया। इसके बाद विस्थापितों ने प्रबंधन समिति के निदेशक के नाम प्रशासनिक सहायक अजय कुमार को एक मांग पत्र सौंपा।

धरना को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव ने कहा कि हमें एकजुट होकर संघर्ष को जारी रखना है। प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि विस्थापितों की मांगों पर उचित निर्णय लेते हुए समाधान नहीं निकाला गया तो आने वाले समय में विस्थापित अपने हक और अधिकार की लड़ाई को जारी रखते हुए आईआईएम के मुख्य द्वार पर तालाबंदी करते हुए अनिश्चितकालीन धरना पर बैठेंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। उन्होंने कहा कि विस्थापित विकास विरोधी नहीं हैं, लेकिन विस्थापितों के साथ इसी प्रकार अन्याय होता रहा और उनके स्वाभिमान को ठेस पहुंचता रहा तो विस्थापित बर्दाश्त भी नहीं करेंगे।

धरना का संचालन करते हुए विस्थापित नेता कलाम आजाद ने कहा कि विस्थापित कहां जाएंगे। हमारी जमीन छिनी गयी। न रोजगार मिला, न नौकरी। भूखे मरता व्यक्ति क्या नहीं करता। हमारा संघर्ष जारी रहेगा।


बैठक को उत्तरी कुंडल पंचायत की मुखिया ममता तिर्की, उप मुखिया जहाना परवीन, पूर्व पंचायत सचिव नरमी गाड़ी, विनय उरांव, मेघनाथ महतो, हरिनाथ महतो, अख्तर हुसैन, सोमारी मुंडा ने भी संबोधित किया। धरना में बीजू महतो, अनिल महतो, विलियम पहन, राजेश उरांव, अर्जुन महतो, रोहित बैठा, रीता तिर्की, फूलों तिर्की, हेमा, भानुमति देवी, शिल्पी मुंडा, राजू देवी, सुषमा देवी, तेतरी देवी, मरियम तिर्की, विश्वा तिर्की, शीला मुंडा, प्रीति गाड़ी, विनीता गाड़ी, जसवंती बाड़ा, अनीमोन मुंडा, पूनम कुमारी, पुष्पा मिन्ज, गुड़िया देवी, रेखा देवी, मुन्नी कच्छप, हीरा कच्छप, सुनीता देवी, पुष्पा देवी, देवकी देवी, अमरोज आलम, सुमन देवी, नीतू कक्ष, शीला टोप्पो, रानी देवी बसंती उराईन, शिबन उराईन, मनोज बैठा, लाल धिरंजय नाथ शाहदेव, ऋषि सिंह देव, सरजू महतो, भूपेन उरांव, मोहम्मद मुख्तार अंसारी, एमडी सलीम, तनवीर आलम, पंचू महतो, संदीप लोहार, ममता गाड़ी, गोपाल गाड़ी, अनीशा लिंडा, विवेक तिर्की, अनीशा लिंडा, प्रेम तिग्गा, संजू महतो, अनूप लिंडा सहित सैकड़ो की संख्या में महिला एवं पुरुष शामिल थे।

## स्टेट बार काउंसिल के सदस्यों ने महाधिवक्ता का जताया आभार

रांची। झारखंड स्टेट बार काउंसिल के सदस्य मनोज कुमार और रामसुभग सिंह सोमवार को हाईकोर्ट में महाधिवक्ता राजीव रंजन से मिले और राज्य सरकार द्वारा वकीलों के कल्याण के लिये गए निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान बार काउंसिल के सदस्यों ने वकीलों के हित में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में श्री रंजन की महत्वपूर्ण भूमिका की भी सराहना की। काउंसिल सदस्य मनोज सिंह और रामसुभग सिंह ने महाधिवक्ता से आग्रह किया कि मेडिकल योजना में सेवानिवृत्त वकीलों को शामिल करने की दिशा में कदम उठाया जाए, ताकि इस योजना का लाभ सेवानिवृत्त वकीलों को भी मिले। महाधिवक्ता ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए बार काउंसिल के सदस्यों को आश्वासन दिया कि उनके अनुरोध पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। इसके साथ ही महाधिवक्ता ने सुझाव दिया कि एक सदस्यता अभियान चलाया जाए, ताकि राज्यभर के सभी वकीलों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस कार्यक्रम की पहुंच को व्यापक बनाना महत्वपूर्ण है, ताकि हर वकील लाभान्वित हों।

# रक्षा मंत्रालय की आधिकारिक यात्रा पर संजय सेठ ऑस्ट्रेलिया रवाना

- भारतीय रक्षा उद्योग के विकास, विज्ञान और तकनीकी के विकास पर होगी चर्चा
- भारत ऑस्ट्रेलिया संसदीय मैत्रीय की बैठक में भी लेंगे भाग



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रक्षा मंत्रालय की आधिकारिक यात्रा पर ऑस्ट्रेलिया रवाना हुये। रक्षा राज्य मंत्री चार दिनों तक ऑस्ट्रेलिया में रहेंगे। जहां वे विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। अपने दौरे में श्री सेठ मेलबर्न शहर जायेंगे। जहां युद्ध स्मारक में बलिदान हुये लोगों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों के साथ संवाद कार्यक्रम भी होगा।

वहीं, रक्षा राज्य मंत्री मेलबर्न शहर में ही आयोजित डिफेंस एक्सपो में भाग लेंगे और भारतीय रक्षा उद्योग के पवेलियन का भ्रमण भी करेंगे। इस दौरान रक्षा विज्ञान और तकनीकी से जुड़े एक कार्यक्रम में भी रक्षा राज्य मंत्री भाग लेंगे। इसी दिन श्री सेठ कैनबरा शहर के दौरे पर होंगे। जहां वे भारतीय उच्चायुक्त के साथ मुलाकात करेंगे। ऑस्ट्रेलिया दौरे में श्री सेठ वहां के संसद भवन का भी अवलोकन करेंगे और सहायक मंत्रियों के साथ उनकी महत्वपूर्ण बैठक होगी। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा उद्योग के साथ ही विभिन्न विभागों के मंत्रियों के साथ भी उनकी एक बैठक तय की गई है। इसके अलावे भारत ऑस्ट्रेलिया संसदीय समिति की एक बैठक में भी हिस्सा लेंगे।

इस यात्रा में रक्षा राज्य मंत्री दोनों देशों के बीच कई मुद्दों पर विचार विमर्श भी करेंगे। श्री सेठ ने कहा कि उनका यह आधिकारिक दौरा है। जहां रक्षा उद्योग सहित कई विषयों पर बातचीत होगी। रक्षा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में हो रहे कार्यों को अब दुनिया देख रही है। दुनिया को भारत से बड़ी उम्मीदें हैं।

# युवा दस्ता की बैठक में दुर्गोत्सव को सफल बनाने का लिया गया फैसला




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सोमवार को युवा दस्ता की बैठक श्री दुगार्पूजा मोहत्सव को सफल बनाने के लिये रखी गयी थी। बैठक में मुख्य रूप से युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता युवा दस्ता के अध्यक्ष राजेश गुप्ता छोटू ने की एवं संचालन पीयूष आनंद ने किया। बैठक में धन्यवाद ज्ञापन मदन साहू ने किया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 15 सितम्बर को युवा दस्ता का वार्षिक चुनाव श्री दुगार्पूजा महोत्सव 2024-25 को सफल बनाने के लिये सम्पन्न कराया जायेगा। फैसला लिया गया कि युवा दस्ता के द्वारा 150 नये सदस्यों को राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों से जोड़ा जायेगा। बैठक में युवा दस्ता के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों को आधार, फोटो एवं मोबाईल नंबर जल्द से जल्द उपलब्ध कराने को कहा गया।

श्री मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष युवा दस्ता श्री दुगार्पूजा महोत्सव को सफल बनाने के लिए दर्शनार्थियों एवं प्रशासन के बीच कड़ी का काम करता है।

बैठक में राहुल सिन्हा चंकी, राकेश सिंह, ज्योति शंकर साहू, गोपाल पारीक, करण नायक, मनीष साहू, सोनू भारद्वाज, राकेश शर्मा, बीरू पासवान, बबलू कच्छप, बिट्टू टोप्पो, अनिल खलखो, साकेत कुमार सहित दर्जनों सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश का किया तिलक शृंगार

**रांची।** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में सोमवार को खाटू नरेश का केशर तिलक श्रृंगार किया गया। श्री खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर की परम्परा के अनुसार खाटू एवं हरमू रोड श्री श्याम मंदिर में एक साथ खाटू नरेश का केशर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। श्री श्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि खाटू को नवीन पोशाक बागा पहनाया गया। कोलकाता से मंगाए गए लाल गुलाब, लाल पीला गेंदा, की मोटी मोटी मालाओं से खाटू नरेश को सजाया गया। हनुमान जी, शिव परिवार, लड्डू गोपाल, शालीग्राम जी, गरुड़ जी, प्राचीन देव चित्रो व गुरुजनों की भी सजावट करके पंचमेवा का भोग लगाया गया। मण्डल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा की देखरेख में सभी गर्भगृहों का दिव्य अनोखा श्रृंगार किया गया। मौके पर श्री श्याम मित्र मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, मंत्री श्यामसुंदर शर्मा, श्रवण ढाढ़ंनिया, स्नेह पोदार, रतन शर्मा, संजय सराफ, अनिल नारनोली व अन्य भक्तजन उपस्थित थे।

# गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल नगर विकास सचिव सुनील कुमार से मिला



- रास सांसद महुआ माजी ने समस्या के समाधान के लिए बैठक का किया आग्रह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी के नेतृत्व में नगर विकास सचिव सुनील कुमार से मुलाकात कर ट्रांसपोर्ट नगर से संबंधित एक ज्ञापन दिया।

ट्रांसपोर्ट नगर के विषय में सचिव को विस्तृत जानकारी देते हुए महुआ माजी ने आग्रह किया कि ट्रांसपोर्टर्स की समस्या के समाधान हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों की एक बैठक रांची गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सदस्यों के साथ आयोजित की जाए। नगर विकास सचिव ने आश्वासन दिया कि बहुत जल्दी ऐसे कार्यक्रम की व्यवस्था की जाएगी।

## खबर एक नजर में

### सेंट जेवियर्स कॉलेज में विदाई समारोह



रांची। सेंट जेवियर्स कॉलेज (शिक्षा विभाग) में सोमवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. (फादर) सुधीर कुमार मिंज एसजे और डॉ. (फादर) नाबोर लकड़ा एसजे, प्राचार्य, सेंट जेवियर्स कॉलेज उपस्थित थे। इस मौके पर रंगारंग कार्यक्रम के साथ ही वार्षिक पत्रिका का विमोचन किया गया। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों से विदाई ली और शिक्षकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. (फादर) सुधीर कुमार मिंज (एस.जे.), डॉ. (फादर) नाबोर लकड़ा (एस.जे.), डॉ. बी.के. सिन्हा, डॉ. मार्कस बारला एवं विभागाध्यक्ष डॉ. (फादर) फ्लोरेंस पूर्ति (एस.जे.), डॉ संजय सिन्हा, डॉ शिव कुमार मौजूद थे।

### दिगम्बर जैन भवन में पुस्तक का विमोचन



**रांची।** जैन श्री साधु मार्गी संघ द्वारा पर्यूषण पर्व के अंतिम दिन सोमवार को क्षमा याचना कार्यक्रम एवं पुस्तक विमोचन का कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम में मुम्बई से पधारे स्वाध्यायी बंधु गौतम रंका और सुरेशजी बोरडिया का विदाई समारोह तथा सभी तपस्वियों का बहुमान किया गया। श्वेताम्बर जैन श्री साधु मार्गी संघ के सहयोग से जैन समता युवा संघ के द्वारा समता शाखा एवं प्रार्थना पुस्तक का विमोचन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि महुआ माजी (राज्य सभा सांसद), सी.पी. सिंह (विधायक), समरी लाल (विधायक), संजीव विजवर्गीय (डिप्टी मेयर), किशोर मंत्री (चेंबर अध्यक्ष), विनय अग्रवाल (चेंबर पूर्व अध्यक्ष), श्री साधु मार्गी संघ के अध्यक्ष अशोक सुराना सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### वृद्धाश्रम में वृद्धजनों की सेवा के साथ जेसीआई वीक शुरू



**रांची।** जेसीआई वीक की शुरुआत सोमवार को हुई। जेसीआई रांची यूथ की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल के नेतृत्व में जेसीआई रांची यूथ के पदाधिकारियों, सदस्यों ने बरियातू स्थित ओल्ड एज होम में जाकर सभी की सेवा की और अपने साथ ले गए सामग्री का वितरण किया। इस दौरान वहां रहनेवाले वृद्धजनों से बात कर उनका हाल जाना। पदाधिकारियों ने आश्रम में रहनेवाले वृद्धजनों को केला, आम, नमकीन, बिस्कुट आदि सामग्री का वितरण किया। जेसीआई यूथ, रांची के सदस्यों ने वृद्धजनों के साथ समय व्यतीत किया तथा जीवन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। वृद्धजनों ने भी अपने जीवन के अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर जेसीआई रांची यूथ की अध्यक्ष ने कहा कि वृद्धजनों का अनुभव आज की युवा पीढ़ी के लिए महत्वपूर्ण है। इस मौके पर सीए अंकित अग्रवाल, प्रतिक बदानी, कुश जलान, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर शुभनीष सोंथालिया, मनीष सोंथालिया, मोनिका गोयनका, निशि सराफ, वंशिका शर्मा समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### गणेश पूजा के मौके पर नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

**रांची।** गणेश पूजा के अवसर पर सोमवार की रात नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गजराज पूजा समिति पिस्का मोड़ के तत्वावधान में आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में कांग्रेसी नेता आदित्य विक्रम जयसवाल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए इस तरह का कार्यक्रम सराहनीय है। बच्चों में छुपी प्रतिभा को निखारने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम जरूरी है। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सभी सफल प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यकम को सफल बनाने में गौरव सिंह, अरूण गुप्ता एवं बंटी की अहम भूमिका रही।

### डीपीएस रांची की शिक्षिका डॉ जया चौहान अब डीपीएस राउरकेला में बतौर प्राचार्या देंगी सेवा



**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची की वरीय अंग्रेजी शिक्षिका डॉ जया चौहान को डी.पी.एस, सोसायटी नई दिल्ली ने कई राउंड के साक्षात्कार के बाद उनका चयन डीपीएस राउरकेला के प्राचार्या के पद के लिए किया है। डॉ जया चौहान ने डीपीएस रांची में लगभग दो दशकों से अधिक अंग्रेजी अध्यापिका के रूप में अपनी सेवा दी हैं। उन्होंने डीपीएस रांची में कर्मठता, कर्तव्य निष्ठा और निरंतर परिश्रम करते हुए अपने सेवाकाल के दौरान एक अत्यंत विशिष्ट स्थान अर्जित किया है। शैक्षणिक स्तर पर विद्यालय को निरंतर नई ऊंचाइयों पर ले जाने हेतु उन्होंने अथक परिश्रम किया। डॉ जया चौहान डीपीएस रांची से पहले डीपीएस पटना में अंग्रेजी शिक्षिका के रूप में कई वर्षों तक कार्यरत रहीं। वहां भी उन्होंने अनेक प्रशासनिक दायित्वों को निष्ठापूर्वक संभाला। डॉ चौहान अपने प्रारंभिक काल से ही डी.पी.एस सोसायटी, नई दिल्ली के स्कूलों से जुड़ी रही हैं। डीपीएस रांची के प्राचार्य डॉ आर.के.झा ने उन्हें बधाईयां दी हैं।

## अर्पिता महिला मंडल ने महिलाओं को दिया वेजिटेबल कार्ट



रांची। सीसीएल मुख्यालय के ऑफिसर्स वाईव्स वेलफेयर एसोसिएशन अर्पिता महिला मंडल ने जरूरतमंद एवं वंचित महिलाओं को सब्जी के साथ वेजिटेबल कार्ट प्रदान किया। मंडल की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह के नेतृत्व में स्थाई आजीविका का साधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल की गई। विगत दिनों विभिन्न सब्जियों के साथ दो वेजिटेबल कार्ट का वितरण किया। इतना ही नहीं महिला मंडल के सदस्यों ने लाभुक महिलाओं से सब्जी भी खरीदी। साथ ही, कॉलोनी में मजदूरों के बीच खाने-पीने के पैकेट भी बांटे। ज्ञात हो कि संगठन लगातार कई वर्षो से समाज के गरीब, जरूरतमंद और वंचित लोगों के सहायतार्थ शिविरों का आयोजन कर उनके बीच जरुरत के सामानों का वितरण करता रहता है। इसी कड़ी में यह पहल महिला मंडल ने की है। समाज के जरूरतमंद और वंचित महिलाओं को समर्थ व सशक्त बनाकर नारी शक्ति को मजबूती प्रदान करना है। इस अवसर पर सीसीएल की प्रथम महिला श्रीमती प्रीति सिंह सहित महिला मंडल की श्रीमती रीता मिश्रा, श्रीमती शशि दुहान, श्रीमती किरण झा, श्रीमती हिना राठौड़, श्रीमती धारित्री मोहोराना, श्रीमती ममता शरण, श्रीमती त्रिवेणी इनामदार, श्रीमती नीता लाल, श्रीमती अनीता सिंह, श्रीमती सरिता सक्सेना, श्रीमती शिल्पी मोहन, श्रीमती अन्नू मलिक, श्रीमती कविता झा एवं श्रीमती अर्चना अखौरी उपस्थित थीं।

## पंकज मिश्रा मामले में दर्ज की गयी गवाही

रांची। अवैध खनन और टेंडर मैनेज कर उससे प्राप्त 1250 करोड़ रुपये से अधिक अवैध कमाई का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा एवं प्रेम प्रकाश से जुड़े मामले में सोमवार को पीएमएलए कोर्ट में गवाही दर्ज की गई। मामले में जांच अधिकारी सह ईडी के सहायक निदेशक देवव्रत झा की गवाही दर्ज की जा रही है। गवाही पूरी होने के बाद मामले में अब बचाव पक्ष के वकील गवाह का प्रति परीक्षण करेंगे। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 20 सितंबर निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान दोनों आरोपियों को जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेश किया गया। में गवाही भी होनी थी। लेकिन गवाह के नहीं आने के कारण नहीं हो सकी। पंकज मिश्रा 19 जुलाई 2022 से एवं प्रेम प्रकाश 25 अगस्त 2022 से जेल में बंद है।

## अस्त्र शस्त्र के साथ आंदोलनकारी 11 को झारखंड बंद कराने उतरेंगे

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा द्वारा आज मशाल जुलूस शहीद स्थल जिला स्कूल प्रांगण से शाम 6:00 बजे निकाला जाएगा। यह मशाल जुलूस परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक के पास 6:30 पर समाप्त हो जाएगा। ये जानकारी देते हुए झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने बताया कि झारखंड आंदोलनकारी के जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए राजकीय मान सम्मान अलग झारखंडी पहचान हमारे बेटे-बेटियों को रोजगार एवं नियोजन के सौ फीसदी अधिकार की गारंटी करने एवं स्वाभिमान से जीने के अधिकार के तहत सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रु. सरकार से देने की मांग को लेकर 11 सितंबर को आहुत झारखंड बंद करने के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारी पूरे जोश, जुनून, पुराने तेवर, अपनी पहचान व परंपरागत अस्त्र-शस्त्र के साथ मशाल जुलूस एवं झारखंड बंद करने को लेकर उतरेंगे।

## महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन

**रांची।** झारखंड राय यूनिवर्सिटी में महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें सिटी एसपी राजकुमार मेहता, सीसीआर डीएसपी राम समद, थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद और महिला थाना प्रभारी पिंकी कुमारी उपस्थित थे। सिटी एसपी ने डायल 112 एवं रांची पुलिस द्वारा जारी किए गए कोड को महिलाओं के लिए त्वरित सहायता का सशक्त माध्यम बताते हुए इसके सही उपयोग के बारे में जानकारी दी।

# इंडियन ओवरसीज बैंक प्रतिष्ठा पुरस्कार समारोह

- व्यवसाय वृद्धि की दिशा में शाखाओं और शीर्ष प्रदर्शन करने वाले स्टाफ सदस्यों को किया गया सम्मानित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** इंडियन ओवरसीज बैंक के द्वारा शाखा प्रबंधकों और शाखाओं के स्टाफ सदस्यों को उनके बेहतर प्रदर्शन और उपलब्धि के लिए राज्य प्रमुख सर्वेश कुमार के नेतृत्व में क्षेत्रीय कार्यालय में सोमवार को प्रतिष्ठा पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में व्यवसाय वृद्धि की दिशा में शाखाओं और शीर्ष प्रदर्शन करने वाले स्टाफ सदस्यों के असाधारण योगदान के लिए ट्रॉफी और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

इस आयोजन में राज्य प्रमुख द्वारा विशेष रूप से निर्देशित आकर्षक प्रबंधन खेलों की एक श्रृंखला भी शामिल थी। टीम वर्क और रणनीतिक सोच को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन की गई इन गतिविधियों ने निरंतर उत्कृष्टता और नवाचार को प्रेरित किया।

# पशुचिकित्सा महाविद्यालय में पशुओं की हैंडलिंग एवं शोध पर कार्यशाला

- कार्यशाला में रांची विवि, बीआईटी मेसरा, एम्स देवघर, बिरसा कृषि विवि और जबलपुर वेटनरी कॉलेज के 26 शिक्षक, वैज्ञानिक एवं शोधार्थी भाग ले रहे हैं



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में सोमवार को प्रयोगशाला पशुओं की हैंडलिंग एवं अनुसंधान की बुनियादी तकनीकें विषय पर एक पांच दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ हुई। इसमें रांची विश्वविद्यालय, बीआईटी मेसरा, एम्स देवघर, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय और जबलपुर वेटनरी कॉलेज के 26 शिक्षक, वैज्ञानिक एवं शोधार्थी भाग ले रहे हैं। कार्यशाला के समन्वयक डॉ राजू प्रसाद ने बताया कि प्रतिभागियों को पशुओं पर एक्सपेरिमेंट के नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण संबंधी राष्ट्रीय समिति के दिशा निर्देशों के अनुरूप शोध में पशुओं के प्रयोग से संबंधित आचारशास्त्र एवं रेगुलेशन की जानकारी दी जायेगी। पशु संभाल एवं प्रबंधन, सेक्सिंग, ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन, ब्लड कलेक्शन, एनेस्थीसिया और विभिन्न रोग मॉडलों के बारे में हैंड्स ऑन ट्रेनिंग दी जायेगी। इससे प्रतिभागी ज्यादा एक्यूरेसी के साथ परीक्षण करने में समर्थ हो सकेंगे। आयोजन की समन्वयक डॉ विशाखा सिंह ने स्वागत भाषण तथा डॉ दीक्षा मलेथा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

इस अवसर पर पशुचिकित्सा संकाय के डीन डॉ सुशील प्रसाद, डॉ एमके गुप्त, डॉ नरेंद्र कुदादा, डॉ पीके सिंह, डॉ जगरनाथ उरांव ने भी अपने विचार रखे। कार्यशाला 13 सितंबर तक चलेगी।

## घासी समाज को अविलंब आदिवासी का दर्जा नहीं मिला तो होगा आंदोलन : नायक

**रांची।** भोक्ता समाज के तर्ज. पर घासी समाज को अविलंब आदिवासी का दर्जा दें नहीं तो केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ होगा आन्दोलन। ये बातें आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने सोमवार को प्रेस बयान जारी कर कही। उन्होंने कहा कि घासी समाज पूर्व से ही जनजातीय समाज रहा है। इसकी भी रूढ़ीगत अपनी परंपरा संस्कार एवं संस्कृति रही है। झारखंड में आर्थिक राजनीतिक सामाजिक शैक्षणिक रूप से सबसे कमजोर एवं अंतिम पायदान पर बैठे इस समाज की गिनती आज हो रही है। 1950 के अनुसूचित जाति/जनजाति के अधिसूचना में बिना कारण बताए घासी जाति को जनजाति की सूची से निकलकर अनुसूचित जाति बना दिया गया जो अन्याय है।

# ग्रामीण सेलिब्रेटिंग डेवलपमेंट क्लासिक एक्सपो का दूसरा संस्करण शुरू

- रेडिसन ब्लू में आयोजित एक्सपो में राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी और बिक्री 15 सितंबर तक रहेगी जारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड द इंडियन स्टोर और नाबार्ड झारखंड क्षेत्रीय कार्यालय के सहयोग से ग्रामीण सेलिब्रेटिंग डेवलपमेंट क्लासिक एक्सपो के दूसरे संस्करण की शुरुआत सोमवार को रैडिसन ब्लू में हुई। यहां राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी और बिक्री 15 सितंबर तक जारी रहेगी, जिसमें भारत भर से बेहतरीन हाथ की कृतियों और रेशमी उत्पादों की प्रदर्शनी की जाएगी।

इस एक्सपो में महाराष्ट्र की पेठानी साड़ियां, ओडिशा की सांबलपुरी साड़ियां, मध्य प्रदेश की महेश्वरी साड़ियां, पश्चिम बंगाल की बलुचरी साड़ियां, तमिलनाडु की कांचीवारम साड़ियां, बैंगलोर सिल्क, इलकल साड़ियां, मैसूर सिल्क साड़ियां, उडुपी कॉटन साड़ियां, मोलकलमुरु साड़ियां, गुलेडगुड़ खना, पप्तेडा अंचू, कसूती, संदूर लम्बानी कढ़ाई कर्नाटक से, गुजरात की पाटन पटोला, छत्तीसगढ़ का कोसा सिल्क, झारखंड की कूचाई और भगेया सिल्क, असम का मुगा सिल्क, उत्तर प्रदेश का चिकनकारी और बनारसी सिल्क, कश्मीर और लद्दाख का पश्मीना और देशभर से अन्य अद्वितीय बुनाई और कृतियां प्रदर्शित की जाएंगी। इसके अलावा, टिकमगढ़ (मध्य प्रदेश) से बर्तन, गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) से टेराकोटा, देवघर (झारखंड) लकड़ी की चूड़ियां, जयपुर (राजस्थान) से मोजरी और घर की सजावट के लिए कई अन्य अनूठी वस्तुएं प्रदर्शित और बिक्री के लिए उपलब्ध होंगी।

### भारतीय उद्योगों की समृद्ध विरासत का सम्मान और प्रचार करना कार्यक्रम का उद्देश्य : आयोजक

आयोजक गायत्री सिंह और नंदिनी गुप्ता ने संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय हाथ की कृतियों और रेशमी उद्योगों की समृद्ध विरासत का सम्मान और प्रचार करना है। प्रदर्शनी में पारंपरिक और समकालीन हाथ की कृतियों और रेशमी उत्पादों की प्रभावशाली श्रृंखला शामिल होगी, जो भारतीय बुनकरों की कारीगरी और कलात्मकता को उजागर करेगी।

